CS (Main) Exam,2019



# समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

CS (Main) Exam,2019

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# SOCIOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का संक्षिप्त उत्तर लगभग *150* शब्दों में एक समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में लिखिए :

Write short answers to the following questions in about *150* words each, with a sociological perspective : 10×5=50

*(a)* कूर्गों के धर्म और समाज पर श्रीनिवास के विचारों का विस्तारण कीजिए।

Elaborate Srinivas's views on religion and society among the Coorgs.

*(b)* भारत में कृषक संघर्ष में तेभागा आन्दोलन के योगदानों को स्पष्ट कीजिए।

Illustrate the contributions of the Tebhaga Movement to the peasants struggle in India.

*(c)* भारत में पट्टेदारी प्रणाली की परिवर्तनशील पहलों का परीक्षण कीजिए।

Examine the changing initiatives of the land tenure system in India.

*(d)* भारत में जाति का घुर्ये के संकल्पन पर एक टिप्पणी लिखिए।

Write a note on Ghurye's conception of caste in India.

*(e)* भारत में स्वायत्तता हेतु जनजातीय समुदाय के बढ़ते स्वाग्रहों पर टिप्पणी कीजिए।

Comment on the growing assertion of tribal community for autonomy in India.

**2.** *(a)* भारतीय ग्रामों के अध्ययन में दुबे के योगदानों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine Dube's contributions to the study of Indian villages. 20

*(b)* जाति राजनीति क्या है? अपने उत्तर की पुष्टि सोदाहरण कीजिए कि कैसे पहचान जाति गत्यात्मकता द्वारा परिभाषित होती हैं।

What is caste politics? Substantiate your answer with examples of how identities are defined by caste dynamics. 20

*(c)* क्या आप सोचते हैं कि भारतीय सन्त भारतीय समाज में सामाजिक सुधार एवं जागरूकता लाए हैं? व्याख्या कीजिए।

Do you think that the Indian saints have brought about social reform and awareness in Indian society? Explain. 10

**3.** *(a)* नृजातीय राष्ट्रवाद क्या है? भारत में जनजातीय असन्तोष हेतु उत्तरदायी समीक्षात्मक कारकों का परीक्षण कीजिए।

What is ethno-nationalism? Examine the critical factors responsible for tribal discontent in India. 20

*(b)* कृषिक वर्ग संरचना के लिए भारत में औद्योगिक विकास एक अभिशाप है या एक वरदान? अपने उत्तर की पुष्टि उपयुक्त उदाहरणों सहित कीजिए।

Is industrial development in India a bane or a boon to agrarian class structure? Substantiate your answer with suitable examples. 20

*(c)* 'सबाल्टर्न वर्ग' के अध्ययन में रणजीत गुहा के उपागम का एक विवरण दीजिए।

Give an account of Ranajit Guha's approach in studying 'subaltern class'. 10

4. *(a)* पितृसत्ता को परिभाषित कीजिए। क्या भारतीय परिवार प्रथा में महिलाओं की हक़दारी पर इसका प्रभावोत्पादन है? व्याख्या कीजिए।

Define patriarchy. Does it have bearings on women's entitlement in Indian family system? Explain. 20

*(b)* 'अल्पसंख्यक' प्रश्न को आप कैसे समझते हैं? भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति हिंसा और भेदभाव का परीक्षण कीजिए।

How do you understand the 'minority' question? Examine the violence and discrimination against the religious minorities in India. 20

*(c)* एल० जी० बी० टी० क्यू० से आप क्या समझते हैं? उनके विवाह अधिकारों से सम्बन्धित विषयों पर टिप्पणी कीजिए।

What do you understand by LGBTQ? Comment on the issues concerning their marriage rights. 10

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का संक्षिप्त उत्तर लगभग *150* शब्दों में एक समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में लिखिए :

Write short answers to the following questions in about *150* words each, with a sociological perspective : 10×5=50

*(a)* भारत में उच्चतर शिक्षा के वाणिज्यीकरण के समीक्षात्मक विषयों पर टिप्पणी कीजिए।

Comment on the critical issues of commercialization of higher education in India.

*(b)* भारत में ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में चुनौतियों की विवेचना कीजिए।

Discuss the challenges in implementing the Rural Development Programmes in India.

*(c)* भारत में नागरवाद का एक जीवन-पद्धति के रूप में विस्तारण कीजिए।

Elaborate urbanism as a way of life in India.

*(d)* भारत की परिवर्तनशील लोकतान्त्रिक रूपरेखा पर टिप्पणी कीजिए।

Comment on the changing democratic profile of India.

*(e)* भारत में बढ़ती नगरीय विस्थापन गत्यात्मकता के सरोकारों की व्याख्या कीजिए।

Elucidate the concerns of growing urban displacement dynamics in India.

6. *(a)* भारतीय मिश्रित अर्थव्यवस्था में विकास नियोजन के महत्त्व का परीक्षण कीजिए तथा इसकी समस्याओं व सम्भावनाओं का विश्लेषण कीजिए।

Examine the importance of Development Planning in Indian Mixed Economy, and analyze its problems and prospects. 20

(b) भारत में 'नदियों के अंतःसम्बन्धन' परियोजना की मुख्य विशिष्टताओं को आलोकित कीजिए। भारतीय कृषि को उससे क्या-क्या सम्भावित लाभ मिल सकते हैं?

Highlight the main features of the 'Inter-linking of Rivers' project in India. What could be its probable advantages to Indian agriculture? 20

(c) क्या हरित आवरण में ह्रास ने पारिस्थितिकी अवनयन को प्रभावित कर भूमण्डलीय तापन को अग्रगमित किया है? अपने उत्तर का दृष्टान्तों सहित विस्तारण कीजिए।

Has reduction of green cover affected ecological degradation leading to global warming? Elaborate your answer with illustration. 10

**7.** (a) क्या आप सोचते हैं कि 'विमुद्रीकरण' ने भारत में आर्थिक वृद्धि को गतिमानित किया है? इस सन्दर्भ में श्रम के अनौपचारीकरण, अल्परोज़गारी और लैंगिक (जेंडर) भेदभाव को आप कैसे समझते हैं?

Do you think that 'demonetization' has accelerated the economic growth in India? How do you understand the informalization of labour, underemployment and gender discrimination in this context? 20

(b) 'स्वच्छ भारत अभियान' के निहितार्थों की विवेचना कीजिए। क्या आप सोचते हैं कि इसमें नागरिक समाज की कोई भूमिका है? अपने उत्तर की पुष्टि सोदाहरण कीजिए।

Discuss the implications of 'Swachha Bharat Abhiyan'. Do you think that civil society has a role to play here? Substantiate your answer with examples. 20

(c) क्या आप सहमत हैं कि सामाजिक आन्दोलन मीडिया द्वारा उत्पन्न अवसर संरचनाओं से प्रेरित होते हैं? क्यों?

Do you agree that social movements are caused by opportunity structures that are generated by media? Why? 10

**8.** (a) 'सक्रिय आयुर्वृद्धि' एक भूस्थानीय (glocal) लक्ष्य क्यों बन गया है? क्या आप सहमत हैं कि विकासशील देशों में बुज़ुर्गी देखभाल का दायित्व लैंगिक अनुपातहीनता से घिरा है? क्यों?

Why has 'active aging' become a glocal goal? Do you agree that the role of elderly care-giving is disproportionately gendered in developing countries? Why? 20

(b) पी० ओ० एस० एच० अधिनियम क्या है? ''आज भी कार्यस्थल पर उत्पीड़क की पहचान महिलाओं द्वारा सरलता से नहीं हो पाती है।'' इस कथन का वास्तविक भारतीय उदाहरणों सहित परीक्षण कीजिए।

What is POSH Act? "Identification of tormentor by women at workplace does not come easily even today." Examine the statement with substantive examples from India. 20

(c) 'सामाजिक सुरक्षा' क्या है? भारत में सरकार द्वारा अपनाए गए अभिनव सुरक्षा उपायों का परीक्षण कीजिए।

What is 'social security'? Examine recent security measures adopted by the Government in India. 10

★ ★ ★